रेखा गुप्ता
मुख्यमंत्री

सत्यमेव जयते

नमस्कार,

यह संदेश मैं आपसे एक मुख्यमंत्री ही नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में साझा कर रही हूँ - जो हमारी दिल्ली को स्वच्छ, हरित और ऊर्जा-कुशल भविष्य की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

बीते वर्षों में दिल्ली वासियों ने सौर उर्जा, ऊर्जा कुशल उपकरण और प्रदूषण नियंत्रण उपायों को अपनाकर सराहनीय जागरूकता दिखाई है। ये प्रयास न केवल व्यक्तिगत स्तर पर लाभकारी है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अनमोल है ।

**1. सोलर प्लांट् लगाएं, और बिजली बिल को शून्य करें**

भारत सरकार की **प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना** और दिल्ली सरकार की पूंजीगत सब्सिडी एवं **5 वर्षों के लिए Generation-Based Incentive (GBI )** के साथ रूफटॉप सोलर लगाना अब पहले से कहीं अधिक किफायती हो गया है । बैंक भी 6.50-7 % की ब्याज दर पर दस वर्षों तक की आसान शर्तो पर ऋण उपलब्ध करा रहे हैं । जिससे रूफटॉप सोलर लगाना और भी व्यावहारिक हो गया है ।

उदाहरणतः, यदि आप 3 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट लगाते हैं तो उसकी अनुमानित लागत ₹2,00,000 होगी, जिसमें सरकार द्वारा लगभग ₹1,08,000 की सब्सिडी दी जाएगी तथा उपभोक्ता द्वारा ₹92,000 की राशि वहन की जाएगी । अगर किसी उपभोक्ता की मासिक बिजली खपत 500 यूनिट है, तो वह 3 किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित करके बिलकुल शून्य बिजली बिल पा सकता है। इससे मासिक बचत लगभग ₹2904-3282* होगी एवं 5 वर्षों तक लगभग ₹900 मासिक GBI भी मिलेगा ।

***वार्षिक बचत** (₹ में) पीपीएसी भिन्नता के कारण डिस्कॉम के अनुसार अलग-अलग होता है।

**2. छोटे कदम,बड़ी बचत**

- एसी को 24°C पर सेट करें — हर 1°C बढ़ाने पर लगभग 6% बिजली की बचत होती है।
- पाँच-स्टार रेटेड AC और BLDC (Brushless Direct Current) पंखों का उपयोग करें।

| **उपकरण** | **अनुमानित वार्षिक बचत (₹ में)*** | **अनुमानित बचत /वर्ष (यूनिट)** |
|---|---|---|
| स्प्लिट AC | ₹24696-34423 | 3,000 यूनिट |
| विंडो AC | ₹23049-32058 | 2,800 यूनिट |
| BLDC पंखा | ₹911-1831 | 160 यूनिट |

* **वार्षिक बचत** (₹ **में**) डिस्कॉम और टैरिफ श्रेणी के अनुसार अलग-अलग होता है

हमारे माननीय प्रधानमंत्री के विज़न और आपकी नई सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप, मैं सभी दिल्लीवासियों से अपील करती हूँ कि रूफ टॉप सोलर एवं ऊर्जा-कुशल उपकरण अपनाएँ और अपने घरों में स्मार्ट और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील निर्णय लें।

ये छोटे-छोटे कदम न सिर्फ आपके बिजली बिल घटाएँगे, बल्कि दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर भी बनाएँगे।

**आइए, मिलकर दिल्ली को रोशन करे - जिम्मेदारी और गर्व के साथ ।**

Rekha Gupta

**रेखा गुप्ता**
**मुख्यमंत्री, दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, दिल्ली सचिवालय, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली-110002
फ़ोन - 011-23392020, 011-23392030 || ईमेल - cmdelhi@nic.in

BSES
BSES Rajdhani Power Limited
a joint venture with GONCTD
Great Place To Work. Certified DEC 2024–DEC 2025 INDIA

# SAMVAD

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना + दिल्ली सौर नीति = बिजली के बिलों से आज़ादी

- ₹1.08 लाख तक की सब्सिडी
- सिर्फ 10% पहले दें
- आसान ईएमआई
- 6% ब्याज पर लोन



| सोलर अपनाने के लिए | |
|---|---|
| कॉल: | 19123 (Ext 3) |
| मिस्ड कॉल: | 9052552509 |
| ईमेल: | netmetering.brpl@reliancegroupindia.com |
| वेबसाइट: | rts.bsesdelhi.com |

*नियम और शर्तें लागू

## मॉनसून में सुरक्षित रहें: बिजली संबंधी खतरों से बचने के लिए आसान टिप्स

मॉनसून जारी है। मॉनसून हमारे लिए आनंद लाता है और गर्मियों से राहत भी दिलाता है, लेकिन इस मौसम में जलभराव और बिजली संबंधी दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। इन आसान उपायों पर अमल करके एक सुरक्षित, दुर्घटना–रहित मॉनसून सीजन को सुनिश्चित किया जा सकता है:




- **बिजली उपकरणों के पास न जाएं:** बिजली के पोल, सब–स्टेशन, ट्रांसफॉर्मर और स्ट्रीटलाइट से दूर रहें।
- **बच्चों को सुरक्षित रखें:** बच्चों को बताएं कि वे बिजली प्रतिष्ठापनों/ इंस्टॉलेशंस के पास न खेलें, अगर वे बेरिकेडेड हैं, तो भी नहीं।
- **पहले हाथों को सूखने दें:** कभी भी गीले हाथों से बिजली उपकरणों को न छुएं।
- **छूने से पहले चेक करें:** कोई स्विच या दीवार गीली है, तो पहले टेस्टर से चेक करें। अगर आपको कहीं लीकेज पता चलती है, तो तुरंत इलेक्ट्रिशियन को बुलाएं।
- **ईएलसीबी:** एक अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर बिजली के झटकों व दुर्घटनाओं से बचा सकती है।

## बिजली के बिल में कमी लाएं, आराम में नहीं!

बिजली की अधिक खपत करने वाले उपकरणों को ऊर्जा–संवेदनशील 5–स्टार एसी और बीएलडीसी पंखों से बदलें, वह भी अविश्वसनीय छूट के साथ



ऊर्जा–संवेदनशील 5–स्टार एसी पर 63 प्रतिशत तक की छूट

5–स्टार रेटेड बीएलडीसी पंखों पर 89 प्रतिशत तक की छूट

### क्या है ऑफर

- प्रमुख ब्रांडों से आकर्षक ऑफर
- तेज पेबैक अवधि
- आकर्षक बाय–बैक योजनाएं उपलब्ध
- प्रति सीए नंबर 3 एसी और 3 पंखे तक बदल सकते हैं
- बीआरपीएल घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सीमित अवधि का ऑफर

### बिजली बिल पर बड़ी बचत

| उपकरण | अनुमानित बचत (₹) | अनुमानित यूनिट बचत (kWh) |
|---|---|---|
| स्पिलिट एसी | ₹24,696 - ₹ 34,423 | 3000 |
| विंडो एसी | ₹27,236 - ₹ 32,058 | 2800 |
| बीएलडीसी पंखे | ₹911 - ₹ 1831 | 160 |

*एसी/ बीएलडीसी पंखों के अनुसार वार्षिक बचत*

### कैसे लाभ प्राप्त करें:

- विजिट करें: bsesdelhi.com
- वॉट्सऐप करें: 8448792209
- कॉल करें: 19123
- क्यूआर कोड स्कैन करें

एसी रिप्लेसमेंट योजना

फैन रिप्लेसमेंट योजना

आपूर्ति से संबंधित शिकायतें दर्ज करें
कोई करंट नहीं
कम वोल्टेज
आपातकाल

बिल और भुगतान सहायता
बिल देखें व भुगतान करें
बिल विवरण
भुगतान रसीद

eLECTRIC पुरस्कार
बैलेंस चेक करें
पॉइंट रिडीम करें

Available on the App Store
Available on the Android Market

8800919123 पर हमें Hi कहें और हमारी निम्नलिखित सेवाओं का लाभ उठाएं

टॉल फ्री 24x7 19123

वॉट्सऐप सपोर्ट 8800919123 | सुविधाजनक | तुरंत | 24 x 7

अपने फीडबैक भेजें: कारपोरेट कम्युनिकेशन, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, बीएसईएस भवन, नेहरु प्लेस, नई दिल्ली–110019

CIN No.: U40109DL2001PLC111527, GSTIN.: 07AAGCS3187H2Z3 | 19123 | www.bsesdelhi.com | www.facebook.com/bsesdelhi | https://twitter.com/BSESDELHI

संवाद में एडवरटाइज के लिए brpl.bdg@reliancegroupindia.com पर ईमेल करें | बीआरपीएल राजधानी पावर लिमिटेड संवाद में प्रकाशित एडवरटिजमेंट के लिए कानूनी रुप से जिम्मेवार नही है।